Title: Need to undertake suitable poverty eradication programmes in Satna and Katni districts of Madhya Pradesh and other parts of the country .

श्री गणेश सिंह (सतना) : उपाध्यक्ष महोदय, यह अत्यंत चिंता का विाय है कि देश में गरीबों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। गरीबी ने जहां देश के विकास को प्रभावित किया है, वहीं देश के सामने दो तरह का भारत बना दिया है। यदि इसको रोकने के प्रयास 1947 के बाद जो अब तक हुए हैं, जारी रहे तो एक दिन ऐसी स्थिति बनेगी कि गरीबों की संख्या देश में दो तिहाई से अधिक हो जायेगी।

गरीबी हटाने का नारा आजादी के बाद से प्रारंभ हुआ, लेकिन गरीबी नहीं हटी।

मैं सरकार से अपील करना चाहता हूं कि गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रम अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू करना आवश्यक है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक गरीबों की संख्या बढ़ रही है।

वर्तमान में जो गरीबी रेखा है उससे बड़ी संख्या में लोग बाहर हैं। अतः पुनः सर्वेक्षण कराया जाये ताकि वास्तविक गरीबों को शामिल किया जा सके। गरीबी उन्मूलन की कौन कौन योजनाएं चल रही हैं। मध्य प्रदेश के सतना तथा कटनी जिले को भी गरीबी उन्मूलन योजना में शामिल किया जाये।